प्रादेशिक समाचार

29.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में कहा– स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा देश।
2. प्रधानमंत्री ने कहा, सामर्थ्य का विस्तार करने के लिए फिटनेस पर ध्यान देना जरूरी।
3. राज्य में संचालित पांचों मेडिकल कॉलेजों में इस वर्ष भी एमबीबीएस की सौ–सौ सीटों पर हो सकेगा दाखिला, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने दी मंजूरी।
4. झारखण्ड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के तहत ही लड़ेगी बिहार विधानसभा का चुनाव, विधानसभा की 16 सीटों पर चुनाव लड़ने का किया दावा।
5. राज्य में लगातार हो रही बारिश से कृषि कार्यों में आई तेजी, अगले चार दिनों तक राजधानी रांची समेत अधिकतर हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का उल्लेख किया।

श्री मोदी ने लोगों से अपनी फिटनेस पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान देने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कैलास मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथ यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं। उन्होंने कहा कि ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महा अनुष्ठान भी होती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कोई भी यात्रा होती है, तो जितने लोग यात्रा पर जाते हैं, उससे ज्यादा लोग तीर्थ यात्रियों की सेवा के काम में जुटते हैं। उन्होंने कहा कि लोग जगह–जगह भंडारे और लंगर तथा सड़कों के किनारे प्याऊ लगवाते हैं। सेवा भाव से चिकित्सा शिविर और सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है।

********************

झारखण्ड में राज्य सरकार की ओर से संचालित पांचों मेडिकल कॉलेजों में सत्र 2025–26 के दौरान इस वर्ष भी एमबीबीएस की सौ–सौ सीटों पर दाखिला हो सकेगा। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और पांचों मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र भेजकर दाखिले की अनुमति प्रदान करने की सूचना दी है। इन मेडिकल कॉलेजों में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद, और एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर शामिल है। हालांकि, आयोग ने सभी मेडिकल कॉलेज की कमियों को चार महीने में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

********************

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के तहत ही बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। झामुमो ने गठबंधन के तहत बिहार की 16 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया है। पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव मिलकर चुनाव मैदान में उतरेंगे।

********************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर में शनिवार को ऑल इंडिया संताली फिल्म एसोसिएशन ने ओलचिकी लिपि के 100 साल पूरे होने के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संताल हूल दिवस भी मनाया गया, जो संताल विद्रोह के नायकों, शहीद सिदो–कान्हू की याद में था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि संथाल की अपनी संस्कृति, अपना खान–पान और वेशभूषा है, जिसके संरक्षण की जरूरत है।

********************

सिमडेगा जिले के नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में विभिन्न पदों में 84 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 88 अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

********************

कोडरमा जिले के जयनगर स्थित पिसपीरो गांव में आज सुबह हाथी ने एक वृद्ध को कुचल कर मार डाला। इस घटना से एक दिन पहले ही हाथियों के झुंड ने जयनगर और मरकच्चो में उत्पात मचाया था, जहां पिछले कुछ दिनों में अलग–अलग गांवों के तीन लोगों को कुचलकर मार दिया था।

********************

ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई है और 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह घटना आज सुबह 4 बजे के आसपास हुई जब सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर के पास एकत्र थे। घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

********************

आज सांख्यिकी दिवस है। यह दिवस हर साल प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी थे। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस का विषय है– राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष। यह देश में साक्ष्य–आधारित निर्णय लेने और शासन का समर्थन करने वाले विश्वसनीय और समय पर सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अहम योगदान को दर्शाता है।

********************

उत्तराखंड में भारी बारिश के अलर्ट के मद्देनजर चार धामयात्रा अगले 24 घंटे के लिए स्थगित कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को तीर्थयात्रियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

********************

राज्य में लगातार हो रही बारिश से कृषि कार्यों में तेजी आई है। ऐसा एक दशक के बाद हुआ है, जब जून महीने में सामान्य से 80 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। इधर, मौसम विभाग ने राजधानी रांची, खूंटी, गुमला और रामगढ़ समेत राज्य के अधिकतर जिलों में आज से अगले चार दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर की रफ़्तार से हवाएं भी चल सकती हैं और ठनका गिरने की भी आशंका है।

*******समाप्त************